MR. DEPUTY SPEAKER . The question is :

"That Clause 1, the Enacting Formula and the Title stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

MR. DEPUTY SPEAKER : The Minister may now move that the Bill be passed.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI S.M. KRISHNA) : I beg to move :

"That the Bill be passed."

MR DEPUTY SPEAKER : The question is :

"That the Bill be passed".

*The motion was adopted.*

MR. DEPUTY SPEAKER : Now, the statement by the Minister of Railways.

---

17.26 hrs.

## STATEMENT RE : LEVEL CROSSING ACCIDENT ON SURENDRA NAGAR-WANKANAR SECTION ON 3rd MAY, 1984

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHOUDHURI) : It is with a heavy heart that I have to bring to the notice of this House, the occurrence of an accident at an unmanned level corssing involving a Matador Van with passengers and the train engine of 17 Dn. Saurastra Janata Express at about 0900 hrs. today between Vagdia and Than stations on Suredra Nagar-Wankanar section of Western Railway. The Matador Van Driver in the face of the approaching train, attempted to rush through the unmanned level crossing No. 67/C. So far 12 persons travelling in the road vechicle have died, of which 8 died, on the spot and 4 later, while the 12 occupants received injuries and were immediately rushed to the nearest Sarvajanic Hospital, Than, and lattetr to the Civil Hospital at Limbdi.

Prima facie, the cause of the accident is due to the rashness and negligence of the van driver who tried to cross the unmanned level crossing in the face of the approaching train. The level crossing has all the indications, warning signals for the road vehicle users.

The General Manager, Chief Traffic Safety Superintendent, Divisional Railway Manager and other officers of Western Railway have already proceeded to the site.

Ex-gratia payment to those who have been injured as well as for such of those who died, has been arranged as per my instructions.

It is very unfortunate that the accidents at unmanned level crossings sometimes do occur. While I have taken steps to get the comparatively busier among these manned, it is not possible, as the Hon'ble Members will appreciate, to completely man all the level crossings as the number is very large i.e., above 22,000 approximately. We have also sought the help of the State Governments for strictor enforcement of Motor Vehicle Rules at all levels. I have myself written to the Chief Ministers to help the Railways out in this matter and to bring home to the road users the danger of darting across the unmanned level crossings at the last moment in the face of the approaching trains.

---

17.28 hrs.

## PUNJAB STATE LEGISLATURE (DELEGATION OF POWERS) BILL

MR. DEPUTY SPEAKER : We take up next item. Shri P. Venkatasubbiah.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBIAH) : Mr. Deputy Speaker, Sir, I beg to move :

"That the Bill to confer on the President the power of the Legislature of the State of Punjab to make laws, be taken into consideration."

Sir, the House is aware that the proclamation dated 6-10-1983 made by the President under article 356 of the Constitution in relation to the State of Punjab, *inter-alia*, provides that the power of the State Legislature shall be exercisable by or under the authority of Parliament. Under

article 357 (1) (a) of the Constitution, it is permissible for Parliament to confer the President the power of the Legislature of the State to make laws and to authorize him to delegate, subject to such conditions as he may think fit to impose, the power so conferred to any other authority specified by him in that behalf.

The Bill, therefore, seeks to confer on the president the power of the State Legislature to make laws in respect of the State. It has been the normal practice to undertake such legislation in relation to the State under the President's rule and the present Bill is on the usual lines. Provision has been made in the Bill for the constitution of a consultative committee, consisting of 45 Members of Parliament—30 Members from the Lok Sabha and 15 Members from the Rajya Sabha—in this regard. Provision has also been made to empower Parliament to direct modifications in the laws made by the President if considered necessary. I request the hon. House to approve the legislative proposal before it.

MR. DEPUTY SPEAKR : Motion moved :

"That the Bill to confer on the President the power of the Legislature of the State of Punjab to make laws, be taten into consideration."

Shri Satyasadhan Chakraborty. It is a small Bill. One hour has been allotted and we complete this Bill today.

AN HON. MEMBER : We hope so.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): How is it possible today?

MR. DEPUTY SPEAKER : In the Business Advisory Committee meeting, we decided to sit up to 6-30 p.m. Now, the timing has been changed.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South) : Mr. Deputy speaker, Sir, I am conscious of the limited time that has been allotted to this Bill. But, Sir, I am also conscious of the Government which has brought forward this Bill that the Government is now not in a position to rule the State. For all practical purposes, it seems that no Government exists in Punjab today. You know the position of my party regarding the emergency powers of the President. The basic principle of democracy is that the people should be ruled through their elected representatives. But unfortunately, today in Punjab, the people are ruled by a Govrnor appointed by the president and he is responsible to the president.

He enjoys power, not because he has confidence of the people but because he enjoys the confidence of the President.

Now, through this Bill, it follows from the Constitution itself that the President may, if he so chooses, after this Bill is passed, whether there is a committee constituted or not, legislate for the people of Punjab. This is nothing but legislation by the executive and that too, for all practical purposes, a titular executive. The Committee is constituted for consultation. I know that ultimate power rests with the Parliament. But, for the specified period, the president may legislate without any reference to the wishes of the people of Punjab. This is very unfortunate.

Also, the continuance of President's rule in a particular State is very unfortunate. Our Constitution has clearly stipulated that if there is a break-down of constitutional machinery, there will be proclamation of emergency. But this emergency is for extra-ordinary circumstances. In Punjab, I agree that there are extra-ordinary circumstances. But the Government should tell the House how long this will continue. How long will Punjab go without a popular Government ? This is of importance because we are entitled to know, as the representatives of the people, what steps the Governmant is going to take to restore not only normalcy in Punjab but also to restore a popular democratic Government.

I was really astonished or rather I must say I was shocked to see a statement by one of the General Secretaries of the ruling party, that is, Congress-I. He is not only one of the General Secretaries but he is the *primus inter pares*, first among equals, the most important General Secretary,

When the reporter asked him a question, whether he considered Mr. Bhindranwale as an extremist leader, as a terrorist, he eveded the question and said that he was a religious leader. When the General Secretary of a party speaks, he speaks as the mouthpiece of a party whereby we know the stand of the party, how the party evaluates certain events and certain positions.

We all know who are the persons responsible for extremist activ'ties. It is most shocking that every morning we read in the newspaper that the people are getting killed belonging to different political parties, people belonging to no party. These extremists and terrorists are going on with these activities as if there is no law and order enforcing machinery.

When the extremist leader Shri Bhindranwale openly proclaims his hit list, the liquidation of persons, the establishment of a theocratic State, giving a goodbye to all democratic principles and is not ashamed of proclaming that he is working for a theocratic State, a General Secretary of the ruling party refuses to call a spade a spade !

If that is the position of a ruling party, what action can people expect from this Government run by such a party ? You should be forthright in pointing out who are the extremists, who is the leader of the extremists, who is subverting democracy, who is actually trying to take back our country to the position of medievalism and who are the people talking of crusading a war on the people. But I find that there is ambivalence everywhere. If the Government cannot make up its mind, how the lawenforcing machinery, which depends on the Government, can function ? I think the hon. Minister owes the House an explanation as to why this has been said, what is the future of the Government and then give us his honest assessment of the the position of Shri Bhindranwale.

I would again ask the hon. Minister one question. It is true that anti-social elements are operating from Gurdwaras, the religious places.

Therefore, you must have with you a list a criminals and offenders. If you do not have the list of offenders and criminals, you have no right to run the Government. You must have your Intelligence Service and the people who are entrusted with the duty of collecting information about the activities must have supplied you with a list of the criminals, the offenders, the extremists and the people who are hiding in the Gurdwaras. Why cannot you go and tell the people wh are running the Gurdwaras, any one of the Gurdwaras, I do not mind, that "This is the List I have. These are the persons who are hiding. I want that you should flush them out". Don't say that "There are criminals hiding." You specifically say that "These are the criminals. I have the List. These are the names. They are in the Gurdwaras. It is your responsibility to see that they come out." See what happens. You have never done it.

Today, I find even a Congress-I leader was attacked. I am happy that he has not been killed. I want every one to live. But how long are you going to tolerate it ? What is your policy ? What are you going to do ? Very honestly I ask you because I want that normalcy should be restored in Punjab. I want that communal frenzy should not play have with the lives and property of the people and should not divide our people.

We have discussed this question many times and we have told yon "Do something. It is your responsibility to do."

For how long are you going to tolerate all these things ? What is your policy ? What do you propose to do ? I know, the Minister will say, 'We are tightening'. But this, you have been saying. The question is how effectively you have been able to contain the violence. That is important. I agree that three are certain forces which are interested in destabilisation, inside forces and outside forces. That is true. But if you only say that there are forces interested in destabilisation and if you do not pinpoint and take action, then what happens ? You just say it; it is indefinite; you do not know who are the persons, what are the forces. It is necessary, for the unity of our country, for the integrity of our country, so that we live in peace and amity, that Government should take effective measures, and the Government should not, the leaders should not, give any sort of certificate to a man whom I refuse to accept as a 'Sant'. No religious leader, Sant or non-Sant, can say, "I shall go ahead with my programme even, if necessary, by killing people". They are not religious people, they are anti-religion. Religion, as I under stand, is for humah life and not for its destruction. Of course, this Bill has a very limited purpose; I know, it follows as a consequence. But Government should say when and how they are going to effectively controt it, how they are going to solve the problem.

Let them accuse the Opposition Parties, let them do it; if, by that, you are going to solve the problem, if that is going to solve the problem, then I am ready to be accused a hundred times, But that is not going to solve the problem. The Opposition Parties only suggested certain solutions, and they are ready to cooperate with you so long as you are sincere in restoring normalcy, law and order, amity and peace. But we will decidedly oppose the Government if they try to take advantage of the position to pelittle the opposition, to take political advantage even at the cost of the unity of the country, we will oppose the Government tooth and nail in that case.

With these words, I conclude.

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार): उपाध्यक्ष महोदय, यह बिल जो 1984 में लाया गया है, इससे पहले भी पंजाब डिस्टर्ब्ड एरिया बिल लाया गया था और इस सदन ने पास किया था। इस मंशा से पास किया गया था कि पंजाब के उग्रवादियों पर कन्ट्रोल करने में सरकार सफल होगी। जनता की सरकार को हटाकर के राष्ट्रपति शासन लाया गया और राष्ट्रपति शासन में जो कुछ पंजाब में हो रहा है वह सरकार में बैठे हुए लोग और विरोध पक्ष में बैठे हुए लोग सब अच्छी तरह से जानते हैं। यह एक संवैधानिक मजबूरी है सदन के सामने और सरकार के सामने। सरकार वहां पर नहीं है और संसद का सत्र भी खत्म होने जा रहा है। तो शक्तियां वहां पर कानून बनाने की राष्ट्रपति जी को दी जाए। लेकिन अभी तक भी जो पावर राष्ट्रपति को थे, उस राज्य के अन्दर, उनसे किसी भी समस्या पर कंट्रोल करने में सरकार को सफलता नहीं मिल पाई है। अब आशंका होती है कि जो सरकार और खासतौर से प्रधान मन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधीजी नक्सलाइट्स को खत्म कर सकती है वह सरकार इसमें असफल क्यों हो रही है। वह संगठन अंडर ग्राउंड था और कहा गया है कि उसके पीछे चाइना और दूसरे लैफ्ट कंट्रीज की ट्रेनिंग थी। उनको यह सरकार खत्म कर सकती है तो पंजाब के आंदोलन को जो कि लिमिटेड एरिया में है, उसको क्यों खत्म नहीं कर सकती है? उनको अब तक पहचानने और गिरफ्तार करने का काम भी नहीं कर पाए हैं। आज अखबार में पढ़ने को मिला कि सुखदेव सिंह, जिसको अरेस्ट किया था, वह पुलिस की हिरासत से भाग निकला है। पुलिस देखती रही।

इससे लोगों में शंका जाहिर होती है कि कहीं सरकार और पुलिस उग्रवादियों के साथ मिली भगत तो नहीं कर रही है? ........ (व्यवधान) इस शंका को सरकार को खत्म करना चाहिए वरना इसके रिपरकशन्स बहुत खराब होंगे। मैं डिटेल्स में नहीं जाना चाहता। बिल का समर्थन करना संवैधानिक मजबूरी है। पंजाब में चालीस-चालीस स्टेशन्स चौबीस घण्टे में उड़ा दिए, डाकखाना फूंक दिया, कांग्रेस के सांसद को मार दिया और एस० जी० पी० सी० के श्री मनचन्दा को दिन-दहाड़े दिल्ली में मार दिया। पुलिस मुख्यालय से सौ गज की दूरी पर हत्या कर दी जाए, जहां पर जनता और गाड़ियां आती-जाती रहती हैं, इसके बावजूद भी अपराधियों को गिरफ्तार न किया जाए तो इससे ज्यादा सीरियस बात हो नहीं सकती। विरोधी पक्ष इस सदन के अन्दर आवाज उठाते रहे है कि इस मुल्क को तोड़ने की विदेशी साम्राज्य वादियों की साजिश है। जब ज्ञानी जैल सिंह जी गृह मन्त्री थे, तब भी हमने यही बात कही थी। उन्होंने कहा था कि कुछ सिर-फिरे लोग इस तरह के नारे दे रहे है इन ताकतों के खिलाफ हम लोग भी सरकार के साथ हैं। इस देश के अन्दर उनको यह इजाजत नहीं दी जा सकती कि उग्रवादियों को हथियार देकर देश को तोड़ने की कोशिश करें। सरकार को इस बारे में कुछ न कुछ करना चाहिए। प्रधान मन्त्री जी ने कई बार विरोधी पक्ष के लीडर्स को अपने निवास-स्थान पर बुलाकर सलाहमशविरा किया। हमारी पार्टी के चौधरी चरण सिंह जी ने कहा कि जब आपकी पुलिस और पी० ए० सी० मस्जिद, गिरजाघर और मन्दिर में जाकर लोगों को गोलियों से भून सकती है तो गुरुद्वारों के

अन्दर छुपे हुए अपराधियों को क्यों नहीं पकड़ सकती ? उनको पकड़ कर उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। बाहर अगर श्रीमती गांधी ने कहा कि विरोधी पार्टी के लोग दबाव डाल रहे हैं। मैं नहीं चाहती कि गुरुद्वारों में पुलिस फोर्स को भेजा जाए। खुद बुलाकर वह सलाह लेती हैं और इस तरह की बाद में बात करती हैं। जब गुरुद्वारों में अपराधी छुपते हैं तो पवित्रता भंग नहीं होती, लेकिन पुलिस वहां पर नहीं जा सकती। मैं, अकाली लीडरों से मांग करता हूं, उन्हें डीनाऊंस करना चाहिए कि उग्रवादी किसी भी दल के हों, वह गलत काम कर रहे हैं और यह कहना चाहिए कि अकाली दल उनके साथ नहीं है। लेकिन अकाली दल ने आज तक ऐसी बात नहीं कही है। इस बात की भी प्रधान मन्त्री और सरकार से मांग करें कि गुरुद्वारों में जाकर अपराधियों को पकड़ा जाए, चाहे वह संत भिण्डरावाला हो।

अखबार वालों ने उनसे पूछ लिया कि भिंडरांवाले के बारे में आप का क्या कहना है। उन्होंने कहा कि भिण्डरांवाले को मैं पालिटिकल लीडर नहीं मानता। भिण्डरांवाला एक संत है। मैं नहीं कहता कि वह कोई सन्त है बल्कि वह एक कातिल है, जुर्म करने वाला आदमी है और उसके साथ सरकार को वही सलूक करना चाहिए जो किसी कातिल के साथ किया जाता है। लेकिन आज तक प्रधान मंत्री की तरफ से, किसी महामंत्री की तरफ से या कैबिनेट स्तर के किसी मंत्री की तरफ से भिण्डरांवाले के खिलाफ कोई बात नहीं कही गई। उपाध्यक्ष जी, मैं मांग करता हूं कि विरोधी दलों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए सरकार को यह कहना चाहिए कि भिण्डरांवाला कातिल है और उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। लेकिन अभी मोगा की घटना हमारे सामने आई, जहां गुरुद्वारे को घेरने की कोशिश की गई और कुछ हद तक उसे घेरा भी गया। लेकिन उन उग्रवादियों की तरफ से सरकार को धमकी आई है कि यदि 48 घंटे में सरकार ने उसके पास से अपनी सारी पुलिस और दूसरी फोर्स को नहीं हटाया तो उसके गम्भीर परिणाम होंगे खून बहेगा और उसके बड़े खतरनाक नतीजे निकलेंगे। मुझे शंका है कि हमारी सरकार उस धमकी के सामने झुक जाएगी। यहां पर हमारे माननीय मंत्री जी बैठे हुए हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि यदि सरकार इस धमकी के सामने झुक गई तो आप शायद अन्दाज नहीं लगा पायेंगे, मुल्क के, टूटने के आसार और ज्यादा मजबूत होंगे। आज जितनी विदेशी ताकतें वहां काम कर रही हैं, बंगला देश और पाकिस्तान के फौजी शासक पाकिस्तान के टूटने का हमसे बदला लेना चाहते हैं, और दूसरी अमेरिका साम्राज्यवादी ताकतें सब हमारे देश के टुकड़े करना चाहती हैं, पाकिस्तान का भी इंटरेस्ट है कि दोनों देशों के बीच कोई खालिस्तान नाम की ताकत पैदा कर दी जाए ताकि साम्राज्यवादी ताकतें हमारे मुल्क के सिर पर बैठकर इसको तोड़ने का काम कर सकें। विदेशों में जो कुछ हो रहा है, उसकी जानकारी सरकार को पहले से ही है। लेकिन मैं एक बात कह कर समाप्त करता हूं कि भिंडरांवाले को आप जितनी ज्यादा छूट देंगे, वह दिल्ली में आया आपने उसे वारंट जारी करने के बावजूद गिरफ्तार नहीं किया। अमृतसर जाकर आपने कहा कि आप हमें समय बताइये, कब आप गिरफ्तारी देना चाहते हैं। क्या दुनिया के इतिहास से किसी शासक या शासन में ऐसा हुआ है कि जालिम या कातिल से पूछा जाए कि आप कब गिरफ्तारी देंगे। लाखों लोग वहां इकट्ठा हो जाते है लेकिन आपकी पुलिस और फोर्स की हिम्मत नहीं पड़ती कि उसको गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया जाए। आप कोई ऐसा रूख अख्तयार मत करिये। जितनी ढिलाई आप बरतेंगे आपके सामने उतने ही खतरे खड़े होंगे। इस बिल के जरिए जो शक्तियां आप राष्ट्रपति जी को देने जा रहे हैं, उससे पंजाब की समस्या सुलझने वाली नहीं है। वह केवल आपके मजबूत इरादों से सुलझेगी। वैसे तो हमारी इन्दिरा जी के बारे में छपा है—दूर दृष्टि, पक्का इरादा। लेकिन इस समस्या पर न तो उनकी दूर दृष्टि देखने में आ रही है न पक्का इरादा। मैं सरकार

से मांग करता हूं कि हमें इसमें पार्टी पोलिटिक्स को इन्वाल्व नहीं करना चाहिए । आज मुल्क टूटने के कगार पर पहुंचा गया है, मुल्क की एकता खतरे में है । साम्राज्य वादी ताकतें हमारे देश में हिन्दू और सिक्ख का मसला खड़ा करके लाभ उठाना चाहती हैं । मैं नहीं समझता कि किसी राजनैतिक पार्टी ने हिन्दू और सिख का सवाल उठाया हो अथवा किसी पब्लिक मीटिंग में कोई बात कही हो । यदि कहीं किया है तो मैं उनसे ऐसा न करने की मांग करता हूं । क्योंकि पंजाब में आज तक जितने भी कत्ल हुए हैं, उनमें 50 प्रतिशत सिक्ख हैं । इसलिए देश भक्ति सिक्खों में भी देखने को मिलती है, वे भी इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं जैसे तिवारी जी ने आवाज उठायी, मनचन्दा जी ने आवाज उठायी और कई कांग्रेस और बी जे पी के लोगों ने आवाज उठायी । लेकिन उनको भी कत्ल किया जा रहा है । काफी लोग उनमें सिक्ख धर्म को मानने वाले शामिल हैं । इसलिए यह कोई हिन्दू और सिख का झगड़ा नहीं है बल्कि साम्राज्यवादी ताकतों की साजिश इस मुल्क को तोड़ने की है । इसलिए मैं मजबूर होकर इस बिल का समर्थन करता हूं, और मांग करता हूं कि जितनी जल्दी हो सके उग्रवादियों को गिरफ्तार करके जेल भेज देना चाहिए और उन पर मुकदमे चलाये जाएं । आपको चाहिए कि एक हफ्ते के अन्दर बड़े पैमाने पर ताकत का प्रयोग करके उनको गिरफ्तार किया जाए, गुरुद्वारों के अन्दर पुलिस ताकत को भेजा जाए, पी ए सी को भेजा जाए और भिंडरांवाले को पकड़ कर जेल में भिजवाया जाए । जब तक आप ऐसा नहीं करेंगे और प्रधानमंत्री जी, आपके महामंत्री, उनके बेटे ऐसे बयान नहीं देंगे कि उग्रवादियों के साथ सख्ती से निबटा जाएगा, तब तक उग्रवादियों की हिम्मत कमजोर नहीं होगी । मैंने पहले भी कहा था कि प्रधान मंत्री जी को उनके खिलाफ बोलकर, सख्त एक्शन लेकर यह साबित कर देना चाहिए कि प्रधानमंत्री जी और पंजाब के उग्रवादियों के बीच कोई मिलीभगत नहीं है । इन शब्दों के साथ उपाध्यक्ष जी मैं आपका धन्यवाद करता हूं ।

**प्रो० अजीत कुमार मेहता** (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, पंजाब बहुत संवेदनशील है, और अभी राष्ट्र के बिखराव का खतरा पैदा हो गया है । 1980 में पंजाब में प्रशासन चल रहा था, परन्तु सत्तारूढ़ दल के लोगों ने मध्यावधि चुनाव के पहले नारा लगाया "चुनो उसे जो काम करे" और ऐसी सरकार आ गई जिसने कार करने का दावा किया था । पंजाब में ऐसी सरकार बनी । और वैसी सरकार जब आयी तो पंजाब में उग्रवादी आन्दोलन शुरू हो गया और आज यह हालत है कि हम समझ नहीं पा रहे हैं कि पंजाब में जो हत्यायें हो रही हैं वह कुछ अपराधकर्मियों के कारण हैं अथवा एक विस्तृत आन्दोलन का हिस्सा है ? किसी प्रकार की हिंसा जो पंजाब में हो रही है वह निन्दनीय है । किसी समस्या का समाधान निर्दोष लोगों की हत्या कर के नहीं किया जा सकता है । इसलिये यह हत्यायें निन्दनीय है । परन्तु सरकार क्या कर रही है जिसने यह दावा किया था कि हम समस्याओं को सुलझायेंगे ? मैं तो कहना चाहता हूं कि जब सरकार सत्ता में आयी समस्यायें वहां थीं, परंतु विधि व्यवस्था भी थी, लेकिन यह हालत तो नहीं थी जो आज है । तब तो कोई नहीं मारा जा रहा था उग्रवादियों के द्वारा । तो इसकी जिम्मेदारी किस पर जाती है ? जो सरकार वहां काम करती थी । मुझे आश्चर्य होता है वहां के सत्तारूढ दल कांग्रेस पार्टी के अन्दरूनी झगड़े जब बढ़ते थे और तात्कालिक मुख्य मंत्री को हटाने की बात की जाती थी तो उग्रवादियों का दबाव भी बढ़ जाता था । क्या राज है इसमें ? क्या सरकार पंजाब समस्या को सुलझाने की नियत भी रखती है मुझे तो इसमें सदेह है । इस समस्या को सुलझाने के लिये त्रिपक्षीय वार्ता हुई, उसमें मतभेद बहुत सीमित रह गया था । वहां समस्याओं पर जहां जहां भी आपस में सहमति निकली क्या उनको तुरन्त कार्यान्वित किया गया, उसके अनुसार सरकार ने कुछ काम किया ? अगर सरकार बताती है कि कुछ काम किया तो मुझे प्रसन्नता होगी । त्रिप-

क्षीय वार्ता के बाद भी जब प्रतिक्षा का कानवलेव हुआ जिनमें अकाली दल भी था और उन्होंने समस्या का समाधान सरकार के सामने प्रस्तुत किया तो क्या सरकार ने उस पर कोई कारगर कदम उठाया उन समस्याओं को सुलझाने के लिये ? इससे क्या साबित होता है ? यही साबित होता है कि सरकार की वहां की समस्या को सुलझाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। जब पंजाब में राष्ट्रपति का शासन लागू किया गया था मुझे आशा बंधी थी कि पंजाब की स्थानीय सरकार वहा की दलबन्दी के कारण अक्षम लोगों के आ जाने के कारण कारगार नहीं हो रही है अब केन्द्रीय सरकार शायद समस्याओं पर काबू पा ले, परन्तु कोई भी दिन नहीं निकलता है जिसमें अखबारों में खूरेजी की खबर न निकलती हो। क्या समाधान की दिशा में या विधि व्यवस्था पर काबू पाने की दिशा में कोई कदम उठाया गया है ?

अभी गृह- मंत्री ने पंजाब की यात्रा की और उसके बाद कहा कि वहां की स्थिति पर सरकार की पकड़ है और उसका उदाहरण सिर्फ 24 घन्टे में मिल गया जब भूतपूर्व पुलिस के उपाधीक्षक, श्री बचन सिंह की 3 और आदमियों के साथ हत्या कर दी गई। यह प्रशासन की पकड़ का उदाहरण है। मुझे आश्चर्य होता है कि कांग्रेस पार्टी के महामंत्री वहां जाकर घोषणा करते हैं...

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Chitta Basu, this is with a limited purpose. If all of you cooperate. I can ask the Minister to reply and complete it. It is for a limited purpose. Only one hour has been allotted. But I am prepared to sit till all of you complete your speeches. Therefore, I told him this. Mr. Chitta Basu drew my attention to the clock. Therefore I am telling him.

SHRI CHITTA BASU (Barasat) : Sir, I am leaving.

प्रो० अजित कुमार मेहता : मैं यह कह रहा था कि पंजाब की समस्या पर काबू पाने के लिये, पंजाब में जो परिस्थिति उत्पन्न हो गई है, उसका समाधान करने में सरकार की अब कोई रुचि नहीं है। मुझे तो ऐसा लगता है कि सरकार केवल राजनैतिक लाभ को ध्यान में रखकर कोई काम करती है, चाहे उसमें राष्ट्र बिखरे।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी : (निजामाबाद) असत्य है।

प्रो० अजित कुमार मेहता : असत्य होता, तो मुझे प्रसन्नता होती कि मेरी बात गलत है। मगर आपके कारनामे ऐसे नहीं है। जब समस्याओं का समाधान सुझाया गया तो आपने क्या कार्यवाही की ? लोगों ने उग्रवादियों की बात की और उसमे श्री जनरैल सिंह भिंडरावाला का नाम लिया और कहा कि वहां उग्रवादी है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार का उन पर कोई वारन्ट है ? यों तो मुकदमा बहुत लोगो पर है और श्री जरनैलसिंह भिंडरवाले पर भी कई होगें, लेकिन क्या उनके खिलाफ वारन्ट है ? अगर वारन्ट नहीं है तो आप किस मुंह से, कहते हैं कि वह उग्रवादियों है ? अगर वह उग्रवादी है तो आपकी ओर से, प्रधान मंत्री की ओर से या अन्य किसी की ओर से किसी ने कहा कि वह उग्रावादी हैं ? बल्कि मुझे आश्चर्य होता है, जब मैंने यह सुना अपने सहयोगी प्रो० चक्रवर्ती के मुंह से कि उन्हें एक सर्टिफिकेट दे दिया गया, तो अब फिर उनका क्या दोष देते हैं?

यों तो यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया को पूरा करने के लिये लाया गया है, कुछ अधिक इसमे नहीं कहा जा सकता है परन्तु पंजाब की जो घटना है, उसको सही परिप्रेक्ष्य मे देखें और वहां पर केवल शासन के लिये प्रशासन जारी न रखें।

मैं इस सम्बन्ध में इतना ही कहना चाहता हूं कि अगर आप सही काम सही समय पर करें तो समस्या का समाधान होगा परन्तु आपने इसको इतना अधिक खींचा है और पंजाब में इतने अधिक लोगों को उसमें शामिल होने का मौका दिया है कि अब आप कार्यवाही किस प्रकार करेंगे ? अगर आप कार्यवाही करना भी चाहें तो तभी सफल हो सकते थे जब दो, चार अपराधियों पर कार्यवाही करते, लेकिन जहां पंजाब

में लाखों लोग इस आन्दोलन में इन्वौल्व हो गये हों तो क्या आप लाखों लोगों पर कार्यवाही कर लेंगे ? क्या यह संभव है? पंजाब की समस्या विधि-व्यवस्था की समस्या नहीं है। वह राजनैतिक समस्या है और सरकार इस दृष्टिकोण से उसको सुलझाने का प्रयास करे। तभी वह सफल हो सकती है। इसमें उसको प्रतिपक्ष का भी सहयोग मिलेगा। लेकिन अगर सरकार प्रतिपक्ष का सहयोग राजनैतिक लाभ के लिए चाहेगी, वह नहीं मिल सकेगा। राष्ट्र को बिखराव से बचाने के लिए प्रतिपक्ष का सहयोग उसको अवश्य मिलेगा।

**श्री रामावतार शास्त्री (पटना)** : उपाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक के द्वारा राष्ट्रपति को विधायी शक्ति प्रदान करने से स्थिति में सुधार नहीं होगा। वहां की स्थिति को काबू में लाने के लिए लोकप्रिय सरकार बनाने की आवश्यकता है। इस सरकार ने वहां पर लोकप्रिय सरकार को हटा कर गलत काम किया और अभी वह गलत काम करती जा रही है। उसने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में संशोधन किया, फिर भी भिंडरावाले और उनके चाकरों, उनके पीछे चलने वालों का वे खालिस्तानी हों, देश के दुश्मन हों या कोई हों—मनमानापन जारी है। हिंसक प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही हैं, हिंसक घटनाएं हो रही हैं। सरकार उनको दबा नहीं पा रही है, जो कि उसने बहुत सी शक्ति अपने हाथ में ले ली है। सारा देश भिंडरावाले या उसके पीछे चलने वाले लोगों के विरुद्ध है, जिसमें सिख समुदाय के अधिकांश लोग भी हैं, चाहे वे पंजाब में हों या पंजाब से बाहर हों। वे सभी उनकी हिंसक और तोड़-फोड़ की कार्यवाहियों का विरोध करते हैं।

दुख की बात है कि भिंडरावाले की इन राष्ट्रविरोधी कार्यवाहियों से फायदा उठा कर हिन्दुओं में भी सम्प्रदायवादी शक्तियां सिर उठा रही हैं और उन्होंने इरादा जाहिर किया है कि वे मार्च कर के यहां तक आएंगे। पता नहीं, उनका यह इरादा अभी भी है या समाप्त हो गया है। ऐसी शक्तियां चाहती हैं कि हिन्दू और सिख आपस में लड़ कर मर मिटें और दूसरी तरफ साम्राज्यवादी शक्तियां और उनके पीछे चलने वाली, उनकी चाटुकारिता करने वाली पाकिस्तान की सरकार को भी हिन्दुस्तान पर आंख गढ़ाने का मौका मिले। यह खतरा हमारे सामने है। इसके बावजूद सरकार अभी तक कोई कठोर कदम नहीं उठा पा रही है। जरूरत है कठोर कदम उठाने की, लेकिन सरकार पंगु बनी हुई है, वह पैरालाइज्ड है। जो देश को तोड़ने वाली शक्तियां हैं चाहे भिंडरावाले हों, हिन्दू या सिख सम्प्रदायवादी हों, अमरीकी साम्राज्यवाद हो या गैर साम्राज्यवादी हों, सरकार को उनके प्रति कठोर बनना चाहिए। जनता के बीच में जाइए। शांति मार्च की बात कही जाती है तो आपको पसंद नहीं आती है। एक बात मैं आपको बताना चाहता हूं कि वहां के लोगों को गर्व है कि कम्युनिस्ट पार्टी जनता के बीच में जाकर पीस-मार्च संगठित करती है। हिन्दुओं और सिक्खों में मेल पैदा करने की भावना को बढ़ाती है। यह रैली एक मई को इसी प्रयोजन के लिए की गई थी कि हिन्दू सम्प्रदाय और सिक्ख सम्प्रदाय अपने को उनसे अलग रखें। उन्होंने जिले-जिले में पीस मार्च निकाला ताकि जनता में यह भाव जगे कि नहीं इस तरह की शक्तियां हमारे पंजाब के अन्दर हिंसक घटनाओं से संबंधित हैं कानून तो आपने बना लिया है और यह कानून भी आप ले रहे हैं। राष्ट्रपति जी और कानून भी बना सकते हैं और जरूरत पड़े तो सदन के सामने भी आ सकते हैं। इससे ज्यादा जरूरत इस बात की है कि आप इस का राजनीतिक हल निकालें। उनके साथ मिल-बैठ कर चाहे द्विपक्षीय वार्ता के जरिए या त्रिपक्षीय वार्ता के जरिए—वहां की समस्या का समाधान निकालने पर सबसे ज्यादा जोर दीजए। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो हम वहां की समस्या पर काबू नहीं पा सकते हैं।

आखिरी बात इस सदन के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अन्दर जो

पंजाब से बाहर सिक्ख हैं, जिनकी तादाद पंजाब के सिक्खों से ज्यादा है, मेरी उनसे अपील है, अनुरोध है कि वे भिंडरांवाले या इस तरह की शक्तियों के खिलाफ आवाज को बुलन्द करें। कुछ लोग कर भी रहे हैं, उनकी इस गलत नीति का विरोध कर रहे हैं और देश की एकता का समर्थन कर रहे हैं। खालिस्तान के नारे का विरोध कर रहे हैं। मेरा उनसे पुन: यही अनुरोध है कि वे जगह-जगह, जिस सूबे में भी उनकी आबादी हो जिस शहर में भी उनकी आबादी हो वहां जलूस निकाल कर भिंडरांवाले या इस तरह की शक्तियों के विरोध में प्रचार करें।

अंत में अकाली दल के जो समझदार, दूर-देशी दूरदर्शी लोग हैं, जिनका भिंडरांवाले की नीति से मतभेद है, जो देश की एकता को कायम रखना चाहते हैं, साथ ही अपने अधिकारों को हासिल करना चाहते हैं, उनसे मेरा अनुरोध है कि वे अपनी भूमिका को अदा करके पंजाब की स्थिति को सुधारने में मददगार बनें। इतना कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री अशफाक हुसैन** (महाराजगंज) : उपाध्यक्ष पिछली अक्टूबर में पंजाब में दरबारा सिंह जी की सरकार को हटाकर और प्रेजीडेंट्स रूल लागू करने की वजह से ही इस बिल को सदन में लाने के लिए आवश्यकता पड़ी। प्रेजीडेंट रूल को लागू करने की मेरी दृष्टि में खास वजह यह थी कि सरकार की समझ में यह था कि यह एडमिनिस्ट्रेटिव मसला है, सियासी मसला नहीं है। सबसे बड़ी सरकार के नजरिए की बात यह है कि सरकार ने अभी तक जिस तरह से इस मसले को डील किया है, उससे यह मसला हल नहीं हुआ है। पहले वहां पर गवर्नर का राज हुआ और एडवाइसर्स में आपसे मतभेद हुआ फिर होम सैक्रेटरी ने बागडोर संभाली और इसी तरह से बाद में प्राइम मिनिस्टर के एडवाइजर ने और पता नहीं कितने लोगों ने इस मसले को हल करने के लिए आगे बढ़ कर काम को किया, लेकिन उससे भी कोई नतीजा नहीं निकला।

मेरे कहने का मतलब यह है कि सरकार का नजरिये पंजाब के पूरे मसले के बारे में क्या है? नजरिये की बात जब कहता हूं तो मेरी समझ में यह बात आती है कि सरकार ने शुरू से इस को मजहबी मसला समझा, हिन्दू और सिखों के बीच का मसला समझा, जैसे अंग्रेज समझते थे कि हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ाई का मसला हिन्दू और मुसलमानों का मसला है, जिसका नतीजा यह हुआ कि हिन्दुस्तान की तकसीम हुई। उस वक्त के शासक गलत समझ कर या जानबूझ कर उस को मजहबी मसला बना देना चाहते थे। इसलिये आप के माध्यम से सरकार से मेरा आग्रह है कि इस को मजहबी मसला न समझें, यह धार्मिक मसला नहीं है, बल्कि सियासी मसला है। इस को सियासी तरीके से हल करें।

जब आप इस को सियासी मसला समझेंगे तो जिस तरह से त्रिपक्षीय वार्ता हुई, जिस तरह से अपोजीशन लीडर्स ने आप की मदद की, जिस तरह से होम मिनिस्टर ने उन को बुला कर आगे बात करने की कोशिश की, उसी तरह से अब प्राइम मिनिस्टर को भी उन्हे बुला कर बात करनी चाहिये। यह परहेज नहीं करना चाहिये कि उन के सैकण्ड-ग्रेड लीडर्स को बुलायें या फर्स्ट-ग्रेड लीडर्स को बुलायें। उन को बुला कर इस को सियासी मसला समझते हुए हल निकालने की कोशिश करें। वह हल न एडमिनिस्ट्रेटिव होगा और न मजहबी होगा, न गुरुवाणी के प्रसारण से हल होगा या दूसरी बातों के मान लेने

से हल होगा, बल्कि जो बुनियादी सवाल हैं जैसे पानी का मसला है, टैरिटरी का मसला है सियासी तौर पर उन को हल करने की कोशिश से कोई नतीजा निकल सकेगा, वरना उग्रवादियों के हाथ मजबूत होते रहेंगे और वहां अमन कायम नहीं हो सकेगा ।

आप ने संत लोंगोवाल के खिलाफ सरकार की तरफ देशद्रोह का मुकदमा चलाया, लेकिन सही मायनों में जो एक्सट्रीमिस्ट्स कहलाते हैं उन के खिलाफ आप ने कोई देशद्रोह का मुकदमा नहीं चलाया । यह बात तब सामने आई जब उन को सर्टिफिकेट दिया गया कि वे एक्सट्रीमिस्ट नहीं हैं धार्मिक लीडर हैं । आपने इस को धार्मिक मसला समझा सियासी मसला नहीं समझा । इस लिये मैं जोर दे कर कहना चाहता हूं —इस को सियासी मसला समझ कर हल निकालिये, एडमिनिस्ट्रेटिव तरीके से हल नहीं निकलेगा बंदूक के जरिये हल नहीं निकलेगा, बंदूक के जरिये हल नहीं निकल सकता है ।

شری اشتاق حسین (مہاراج گنج) : اپاؤ دھیکش مہودے! پچھلی اکتوبر میں پنجاب کے دربارا سنگھ جی کی سرکار کو ہٹا کر اور پریزیڈینٹس رول لاگو کرنے کی وجہ سے ہی اس بل کو سدن میں لانے کے لئے آوشیکتا پڑی۔ پریزیڈینٹ رول کو لاگو کرنے کی میری درشٹی میں خاص وجہ یہ تھی کہ سرکار کی سمجھ میں یہ تھا کہ یہ ایڈمنسٹریٹیو مسئلہ ہے۔ سیاسی مسئلہ نہیں ہے۔ سب سے بڑی سرکار کے نظریے کی بات یہ ہے کہ سرکار نے ابھی تک جس طرح سے اس مسئلے کو ڈیل کیا ہے۔ اس سے یہ مسئلہ حل نہیں ہوا ہے۔ پہلے وہاں پر گورنر کا راج ہوا اور ایڈوائزرس میں آپ نے مت بھیجا پھر ہوم سکریٹری نے باگ ڈور سنبھالی اور اسی طرح سے بعد میں پرائم منسٹر کے ایڈوائزر نے اور پتہ نہیں کتنے لوگوں نے اس مسئلے کو حل کرنے کے لئے آگے بڑھ کر کام کو کیا لیکن اس سے بھی کوئی نتیجہ نہیں نکلا۔

میرے کہنے کا مطلب یہ ہے کہ سرکار کا نظریہ پنجاب کے پورے مسئلے کے بارے میں کیا ہے۔ نظریے کی بات جب کہتا ہوں تو میری سمجھ میں یہ بات آتی ہے کہ سرکار نے شروع سے اس کو مذہبی مسئلہ سمجھا جیسے انگریز سمجھتے تھے کہ ہندوستان کی آزادی کی لڑائی کا مسئلہ ہندو اور مسلمانوں کا مسئلہ ہے۔ جس کا نتیجہ یہ ہوا کہ ہندوستان کی تقسیم ہوئی۔ اس وقت کے شاسک غلط سمجھے یا جان بوجھ کر اس کو مذہبی مسئلہ بنا دینا چاہتے تھے۔ اس لئے آپ کے مادھیم سے سرکار سے میرا آگرہ ہے کہ اس کو مذہبی مسئلہ نہ سمجھیں۔ یہ دھارمک مسئلہ نہیں ہے بلکہ سیاسی مسئلہ ہے۔ اس کو سیاسی طریقے سے حل کریں۔

جب آپ اس کو سیاسی مسئلہ سمجھیں گے تو جس طرح سے تری پکشیہ وارتا ہوئی جس طرح سے اپوزیشن لیڈرس نے آپ کی مدد کی جس طرح سے ہوم منسٹر نے ان کو بلا کر آگے بات کرنے کی کوشش کی اسی طرح سے اب پرائم منسٹر کو بھی انہیں بلا کر بات کرنی چاہیئے۔ یہ پرہیز نہیں کرنا چاہیئے کہ ان کے سیکنڈ گریڈ لیڈرس کو بلائیں یا فرسٹ گریڈ لیڈرس کو بلائیں۔ ان کو بلا کر اس کو سیاسی مسئلہ سمجھتے ہوئے حل نکالنے کی کوشش کریں۔ وہ حل نہ ایڈمنسٹریٹیو ہوگا اور نہ مذہبی ہوگا۔ نہ گوردوارں کے پرسارن سے حل ہوگا یا دوسری باتوں کے مان لینے سے حل ہوگا۔ بلکہ جو بنیادی سوال ہے جیسے پانی کا مسئلہ ہے ٹیری ٹری کا مسئلہ ہے۔ سیاسی طور پر ان کو حل کرنے کی کوشش سے کوئی نتیجہ نکل سکے گا۔ ورنہ اگروادیوں کے ہاتھ مضبوط ہوتے رہیں گے اور وہاں امن قائم نہیں ہو سکے گا۔

آپ نے سنت لونگووال کے خلاف سرکار کی طرف دیش دروہ کا مقدمہ چلایا لیکن صحیح معنوں میں جو ایکسٹریمسٹس کہلاتے ہیں ان کے خلاف آپ نے کوئی دیش دروہ کا مقدمہ نہیں چلایا۔ یہ بات تب سامنے آئی جب ان کو سرٹیفکیٹ دیا گیا کہ وہ ایکسٹریمسٹ نہیں ہیں۔ دھارمک لیڈر ہیں۔ آپ نے دھارمک مسئلہ سمجھا سیاسی مسئلہ نہیں سمجھا۔ اس لئے میں زور دے کر کہنا چاہتا ہوں اس کو سیاسی مسئلہ سمجھ کر حل نکالئے۔ ایڈمنسٹریٹیو طریقے سے حل نہیں نکلے گا۔ بندوق کے ذریعے حل نہیں نکل سکتا ہے۔

श्री अब्दुलरशीद काबुली (श्रीनगर) : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आप के माध्यम से पहली बात यह अर्ज करूंगा कि जो बिल यहां लाया गया है उस में कहा गया है—इस के बारे में मेरी राय

**Bill to confer on the President the power of the Legislature of the State of Punjab to make laws, be taken into consideration.**

यह है कि पंजाब की असेम्बली अभी डिजाल्व नहीं हुई है, प्रोरोग हुई है, वह अभी मौजूद है, अण्डर सस्पेंशन है। एक तरफ तो असेम्बली मौजूद है और दूसरी तरफ आप प्रेसिडेन्ट को यह इख्तियार दे रहे हैं कि वह पंजाब के लिये लाज बनायें। मैं समझता हूं यह डेमोक्रेटिक प्रोसेस के खिलाफ है। या तो आप असेम्बली को डिजाल्व कर दीजिये या उस को फिर से कन्वीन कीजिये ताकि वह अपने लिये खुद कानून बना सके। आप ने किस मकसद के लिये उस को प्रोरोग किया है यह बात समझ में नहीं आ रही है।

जहां तक पंजाब का सवाल है पंजाब को इस दृष्टि से देखना चाहिये कि यह इन्सानियत का सवाल है। वह एक ऐसी स्टेट है जिस ने हिन्दुस्तान को बहुत कुछ दिया है। हिन्दुस्तान के बार्डर्ज को सिक्योर बनाने के लिये पंजाब के लोगों ने बिना-मजहब-व-मिल्लत के खून बहाया है। बहुत पुराने वक्त से पंजाब के लोगों ने इस मुल्क को जिन्दगी देने के लिये, इस मुल्क को आगे बढ़ाने के लिये हर जगह, हर मुहाज पर काफी खून बहाया है। आज अनाज में जो प्रोक्योरमेन्ट हो रहा है वह सब से ज्यादा पंजाब और हरियाणा में हो रहा है। और इन स्टेट्स की तबाही का बुरा असर मुल्कपर होगा और मैं समझता हूं कि बदकिस्मती है इस के लिए हम सब जिम्मेवार हैं। जो सिख जाति है, इस के लिए उस को इल्जाम नहीं दिया जा सकता। बदकिस्मती यह है कि जब पंजाब के लोगों ने अपने लिये पंजाबी सूबे की मांग रखी थी, तो उस वक्त वहां के हिन्दुओं ने एक गलती की कि उन्होंने अपनी जुबान, अपनी भाषा हिन्दी लिखवाई। पंजाबी भाषा होने के बावजूद उन्होंने अपनी भाषा हिन्दी लिखवाई और यह एक बहुत दुखदायी बात उन्होंने की, जिससे पंजाब को बहुत नुकसान हुआ और हालात इतने बिगड़ गये कि पंजाबियत के आलम्बरदार, प्रो० तिवारी एम० पी० जो पंजाबी भाषा और पंजाबी कल्चर की बात करते थे, वे भी उग्रवादियों के हाथों कत्ल हो गये।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि इस से बढ़ कर बदकिस्मती की बात और क्या हो सकती है कि आज पंजाब पुलिस एक तरफ है और बी०एस०एफ० दूसरी तरफ। गर्ज यह कि कुछ सेन्टर और स्टेटफार्सेज में टकराव की कैफियत पैदा हो रही है। इसलिए मैं खबरदार करना चाहता हूं कि जब पंजाब की बात हम छेड़ें, तो पूरे मुल्क का और तमाम पार्टियों का यह फर्ज होना चाहिए चाहे वह रूलिंग पार्टी हो और चाहे अपोजीशन के लोग, हम सब उस में शामिल हैं, कि उस में सिख और हिन्दुओं की बात बना कर उसे न करें। पंजाब का जो मसला है, वह एक बहुत नाजुक मसला है और बड़ी ताकतें चाहती हैं कि पंजाब के मसले को ले कर इस मुल्क का नुकसान करें, इस की पीठ में छुरा भोंकें और इस मुल्क को तकसीम कर के, उस को टुकड़ों में बांट दें। हम ने पार्टीशन को देखा है और 36 वर्ष के जो जख्म हमारे दिलों में हैं, वे अभी ताजा हैं। इसलिए पंजाब में जो आग लगी है इस को बुझाना है, इस को भड़काना नहीं है। इसलिए मैं चाहूंगा कि आप उग्रवादियों के खिलाफ ताकत इस्तेमाल करें और उन को रोकें और यह जो मर्ज पैदा हो गया है, यह जो बीमारी पैदा हो गई है, इस का इलाज करना पड़ेगा। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमें इन्तहापसन्दी से नफरत करनी चाहिए न कि इन्तहापसन्दों से, उग्रवादियों से क्योंकि वे भी एक इन्सान हैं। वे कुछ जजबात की वजह से, कुछ गलत किस्म की आइडियोलाजी की वजह से ऐसा करते हैं। अपने गुस्से की वजह से ऐसा करते हैं लेकिन ज्यादा वे री एक्शन की वजह से करते हैं। हमारी यह बहादुर कौम है लेकिन कुछ जजबात में आ कर यह अपना नुकसान करते हैं और पूरे मुल्क का भी नुकसान करते हैं और इस बिना पर मैं यह अर्ज करना चाहूंगा कि पंजाब के मामले पर जितनी भी पार्टियां हैं उन को इस बात का अहसास होना चाहिए कि यह एक नाजुक मामला है और इस पर किसी को फायदा उठाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए न इस से रूलिंग पार्टी का फायदा होगा, न अपोजीशन का फायदा होगा और न मुल्क का फायदा होगा। मुल्क को नुकसान से बचाने के लिए हमारा फर्ज बनता है कि हम जजबात में न आएं और इस को फिरकापरस्ती का रंग न दें और

टकराव की सूरत पैदा न होने दे। हम एक दूसरे को दोष न दें और इस वक्त जरूरत इस बात की है कि हम सब मिल बैठें और इस मसले का हल तलाश करें वरना वक्त बीत रहा है और हमें नुकसान उठाना पड़ेगा। अकालियों में कुछ लोग चाहे कितने भी बुरे क्यों न हों लेकिन यह नेशनेलिस्ट फोर्स है। मैं ने पहले भी यह बात कही था कि हालात बिगड़ रहे हैं और खुदा-न-ख्वास्ता अकालियों के हाथ से ताकत चली जाए, तो फिर इन्ताहपसन्दों का उग्रवादियों का मुकाबला करना बड़ा मुश्किल होगा और आज हमारे मुल्क की प्राइम मिनिस्टर कहती हैं कि हालात बहुत ज्यादा बिगड़ चुके हैं और परसों ही उन का बयान आया है कि अकालियों के हाथ से स्थिति निकल गई है और यह बड़ी बदकिस्मती की बात है। खुद प्राइममिनिस्टर ने यह इरशाद किया है और इस बिना पर मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि हम सब को एक साथ मिल बैठ कर कोशिश करनी चाहिए कि हालात को सुधारें, ठीक करें और एक दूसरे को दोषी करार न दें।

आखीर में मैं यही कहना चाहता हूं कि इस का एक ही सोल्यूशन है एक ही हल है कि हमें इस का पोलीटीकल सोल्यूशन निकालना होगा। सियासी हल के सिवाय इस का और कोई इलाज नहीं है, सियासी हल इस का तलाश करना पड़ेगा और दरवाजा बन्द न कर के इस को खुला रखना है। बन्दूक तलवार और फौज की कुव्वत से यह हल नहीं हो सकता। कुछ लोग आज चिल्ला रहे हैं कि पंजाब को मिलिट्री के हवाले कर दो। हमारे देश में कुछ लोग यह डिमांड कर रहे हैं कि वहां पर आर्मी रूल कर दिया जाए। यह बहुत अनफाचूनेट है और बहुत गलत किस्म की बात है। इस का यह हल नहीं है और इस का सिर्फ पालीटीकल और पीसफूल हल ही हो सकता है। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूं।

شری عبدالرشید کابلی (سری نگر) : ڈپٹی اسپیکر صاحب [illegible] آپ کا [illegible] یہ عرض کرنا [illegible] : [illegible]

**Bill to confer on the President the power of the Legislature of the State of Punjab to make laws, be taken into consideration.**

اس کے بارے میں میری رائے یہ ہے کہ پنجاب کی اسمبلی ابھی ڈیزالو نہیں ہوئی پروگرگ ہوئی ہے۔ وہ ابھی موجود ہے۔ انڈر سسپینشن ہے۔ ایک طرف تو اسمبلی موجود ہے اور دوسری طرف آپ پریسیڈینٹ کو یہ اختیار دے رہے ہیں کہ وہ پنجاب کے لئے لاز بنائیں۔ میں سمجھتا ہوں یہ ڈیموکریٹک پروسیس کے خلاف ہے۔ یا تو آپ اسمبلی کو ڈیزالو کر دیجئے یا اس کو پھر سے کنوین کیجئے۔ تاکہ وہ اپنے لئے خود قانون بنا سکے۔ آپ نے کس مقصد کے لئے اس کو پرورگ کیا ہے یہ بات میری سمجھ میں نہیں آ رہی ہے۔

جہاں تک پنجاب کا سوال ہے پنجاب کو اس دریشٹی سے دیکھا چاہئے کہ یہ انسانیت کا سوال ہے۔ وہ ایک ایسی اسٹیٹ ہے جس نے ہندوستان کو بہت کچھ دیا ہے۔ ہندوستان کے [illegible]رز کو سیکیور بنانے کے لئے پنجاب کے لوگوں نے بلا مذہب [illegible]ت کے خون بہایا ہے۔ بہت پرانے وقت سے پنجاب کے لوگوں نے اس ملک کو زندگی دینے کے لئے اس ملک کو آگے بڑھانے کے لئے ہر جگہ ہر محاذ پر کافی خون بہایا ہے۔ آج آج میں جو یہ دکیورمینٹ ہو رہا ہے۔ وہ سب سے زیادہ پنجاب اور ہریانہ میں ہو رہا ہے۔

اور ان اسٹیٹس کی تباہی کا برا اثر ملک پر ہوگا اور میں سمجھتا ہوں کہ بد قسمتی ہے۔ اس کے لئے ہم سب ذمہ دار ہیں۔ ہو سکھ جاتی ہے اس کے لئے اس کو الزام نہیں دیا جا سکتا۔ بد قسمتی یہ ہے کہ جب پنجاب کے لوگوں نے اپنے لئے پنجابی صوبے کی مانگ رکھی تھی تو اس وقت وہاں کے ہندوؤں نے ایک غلطی کی کہ انہوں نے اپنی زبان اپنی بھاشا ہندی لکھوائی۔ پنجابی بھاشا ہونے کے باوجود انہوں نے اپنی بھاشا ہندی لکھوائی اور یہ ایک بہت دکھ دائی بات انہوں نے کی جس سے پنجاب کو بہت نقصان ہوا اور حالات اتنے بگڑ گئے کہ پنجوئیت کے علم بردار پروفیسر تیوار ی ایم۔ پی۔ کر جو پنجابی بھاشا اور پنجابی کلچر کی بات کرتے تھے وہ بھی اگروادیوں کے ہاتھوں قتل ہو گئے۔

ایک بات میں اور کہنا چاہتا ہوں کہ [illegible] کی بات اور کیا ہو سکتی ہے کہ آج پنجاب پولیس ایک طرف ہے اور بی۔ ایس۔ ایف۔ دوسری طرف۔ غرض یہ کہ [illegible] فورسز میں ٹکراؤ کی کیفیت پیدا ہو رہی ہے۔ [illegible] چاہتا ہوں کہ جب پنجاب کہا [illegible] پارٹیوں کا یہ فرض ہونا چاہئے کہ وہ [illegible]

اپوزیشن کے لوگ۔ ہم سب اس میں شامل ہیں۔ کہ اس میں سکھ اور ہندوؤں کی بات بنا کر اسے نہ کریں۔ پنجاب کا جو مسئلہ ہے وہ ایک بہت نازک مسئلہ ہے۔ اور بیرونی طاقتیں چاہتی ہیں کہ پنجاب کے مسئلے کو لے کر اس ملک کا نقصان کریں۔ اس کی پیٹھ میں چھرا بھونکیں اور اس ملک کو تقسیم کر کے اس کو ٹکڑوں میں بانٹ دیں۔ ہم نے پارٹیشن کو دیکھا ہے اور ۳۶ ورش کے جو زخم ہمارے دلوں میں ہیں وہ ابھی تازہ ہیں۔ اس لئے پنجاب میں جو آگ لگی ہے اس کو بجھانا ہے اس کو بھڑکانا نہیں ہے۔ اس لئے میں چاہوں گا کہ آپ اگروادیوں کے خلاف طاقت استعمال کریں اور ان کو روکیں اور یہ جو مرض پیدا ہو گیا ہے یہ جو بیماری پیدا ہو گئی ہے اس کا علاج کرنا پڑے گا۔ میں یہ بھی کہنا چاہتا ہوں کہ ہمیں انتہا پسندی سے نفرت کرنی چاہیئے نہ کہ انتہا پسندوں سے۔ اگروادیوں سے کیونکہ وہ بھی ایک انسان ہیں۔ وہ کچھ جذبات کی وجہ سے پھر غلط قسم کے آئیڈیالوجی کی وجہ سے ایسا کرتے ہیں۔ اپنے غصے کی وجہ سے ایسا کرتے ہیں۔ لیکن زیادہ وہ ری ایکشن کی وجہ سے کرتے ہیں۔ ہماری یہ بہادر قوم ہے لیکن کچھ جذبات میں آ کر یہ اپنا نقصان کرتے ہیں اور پورے ملک کا بھی نقصان کرتے ہیں اور اس بنا پر میں یہ عرض کرنا چاہوں گا کہ پنجاب کے معاملے پر جتنی بھی پارٹیاں ہیں ان کو اس بات کا احساس ہونا چاہیئے کہ یہ ایک نازک معاملہ ہے اور اس پر کسی کو فائدہ اٹھانے کی کوشش نہیں کرنی چاہیئے۔ نہ اس سے رولنگ پارٹی کا فائدہ ہو گا نہ اپوزیشن کا فائدہ ہو گا اور نہ ملک کا فائدہ ہو گا۔ ملک کو نقصان سے بچانے کے لئے ہمارا فرض بنتا ہے کہ ہم جذبات میں نہ آئیں اور اس کو فرقہ پرستی کا رنگ نہ دیں اور ٹکراؤ کی صورت پیدا نہ ہونے دیں۔ ہم ایک دوسرے کو دوشی نہ دیں اور اس وقت ضرورت اس بات کی ہے کہ ہم سب مل بیٹھیں اور اس مسئلے کا حل تلاش کریں ورنہ وقت بیت رہا ہے اور ہمیں نقصان اٹھانا پڑے گا۔ اکالیوں میں کچھ لوگ چاہے کتنے بھی برے کیوں نہ ہوں لیکن یہ ایک نیشنلسٹ فورس ہے۔ میں نے پہلے بھی یہ بات کہی تھی کہ حالات بگڑ رہے ہیں اور خدانخواستہ اکالیوں کے ہاتھ سے طاقت چلی جائے تو پھر انتہا پسندوں کا اگروادیوں کا مقابلہ کرنا بڑا مشکل ہو گا اور آج ہمارے ملک کی پرائم منسٹر کہتی ہیں کہ حالات بہت زیادہ بگڑ چکے ہیں اور پرسوں ہی ان کا بیان دیا ہے کہ اکالیوں کے ہاتھ سے اینیشی ایٹو نکل گئی ہے اور یہ بڑی بدقسمتی کی بات ہے۔ خود پرائم منسٹر نے یہ ارشاد کیا ہے اور اس بنا پر میں یہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ ہم سب کو ایک ساتھ مل بیٹھ کر کوشش کرنی چاہیئے کہ حالات کو سدھاریں ٹھیک کریں اور ایک دوسرے کو دوشی قرار نہ دیں۔

آخر میں یہی کہنا چاہتا ہوں کہ اس کا ایک ہی سالیوشن ہے ایک ہی حل ہے کہ ہمیں اس کا پولیٹیکل سالیوشن نکالنا ہو گا۔ سیاسی حل کے سوائے اس کا اور کوئی علاج نہیں ہے۔ سیاسی حل اس کا تلاش کرنا پڑے گا اور دروازہ بند نہ کر کے اس کو کھلا رکھنا ہے۔ بندوق تلوار اور فوج کی قوت سے یہ حل نہیں ہو سکتا۔ کچھ لوگ آج چلا رہے ہیں کہ پنجاب کو ملٹری کے حوالے کر دو۔ ہمارے دیش میں کچھ لوگ یہ ڈیمانڈ کر رہے ہیں کہ وہاں پر آرمی رول کر دیا جائے۔ یہ بہت انفارچونیٹ ہے اور بہت غلط قسم کی بات ہے۔ اس کا یہ حل نہیں ہے اور اس کا صرف پولیٹیکل اور پیس فل حل ہی ہو سکتا ہے۔

ان شبدوں کے ساتھ میں اپنی بات ختم کرتا ہوں۔

THE MINISTER OF STATERIN THE MINISTRY OF HOME AFFAIS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH) : Sir, As you have correctly pointed out, this is a Bill with a limited scope. The Punjab situation has been discussed in both the Houses of Parliament several times.

I am not objecting to any hon. member making some suggestions because the problem is so serious that hon. members will certainly incline to make their suggestions for the early solution of this problem.

Shri satyasadhan Chakraborty has made certain points. I would like to clarify those points. About the reported statement made by the General-secretary of the ICC-1, Shri *Rajiv Gandhi*, *I hope he must have read* today's *Indian Express* also. He has clarified it. He said that his statement has been distorted and taken out of context. So, I would like the hon. member to read the newspaper and also the contradiction made by the General-Secretary of the AICC. For his information, I would like to read from the today's *Indian Express*. On page 7, he says as follows :

> "These are purely factual statements and convey no sanction or approval of any activities that may have been carried

out or are being carried out in his name." Mr. Rajiv Gandhi had unequivocally coned the terrorists violence and called for effective measures to end it. The Congress is irrevocably opposed to the politics of violence, no matter who espouses it."

He has made amply clear not only his statement but also the stand of the party. So, it is amply clear that we have made it clear several times on the Floor of this House that we do not tolerate any violent activities and we will take all possible steps to contain violence.

We have appreciated the cooperation extended by the opposition parties notwithstanding some statements, made by some of then important leaders of some political parties about the Punjab situation and their statements in this House and out side the House. I do not want to mention the names of those people because everybody knows what statements had been made on the Floor of this House with regard to the situation that is prevailing in Punjab.

A point has been made by Shri Satyasadan Chakraborty as to whether government has asked the concerned Gurdwara authorities to hand over persons wanted by the law-enforcing authorities.

Government has from time to time asked the SG PC authorities to hand over persons staying in the Golden Temple Complex. In September 1981, Shri Darbara Singh, the then Chief Minister, Punjab wrote to Shri G.S. Thora, President, SGPC asking him to hand over certain persons including Shri Balbir Singh Sandhu to the concerned authorities. The SSP, Amritsar had also written in October, 1981, to the Secretary, SGPC, Amritsar. The Manager, Darbar Sahib, Amritsar and the Assistant Secretary, SGPC, Amritsar asking them to hand over certain wanted persons.

Even recently, on 27th January, 1984 the Home Secretary, Punjab wrote to Shri, Tohra, President, SGPC to hand over Shri Balbir Singh Sandhu. The SSP, Amritsar also wrote to the President and Secretary of the SGPC in the same matter.

The SGPC and other authorities have not ever bothered to hand over wanted persons.

According to information available with us, 40 proclaimed offenders have been hiding in the Golden Temple Complex. A large number of other criminals and extremists have also been staying there.

We have also made it clear with regard to entering the Golden Temple. The Home Minister and the Prime Minister had made government's stand very clear in this respect. I once again reiterate the government's stand that government is taking all possible steps. This is a very complex problem and government never identified the Akalis with the entire Sikh community. Nor have we taken any steps to create a rift between the Hindus and Sikh community as has been made out by some hon. members. In spite of the fact that disturbed conditions are prevailing, I again reiterate that the people by and large are maintaining communal amity and we must congratulate the people of Punjab. In spite of the gravest provocation, they maintain communal unity and we congratulate them for this.

And about Shri Ramavatar Shastri, I wholeheartedly endorse the appeal made by such a senior leader of C.P.I., Shri Sbastri, in the matter of Sikhs residing outside India, and outside Punjab, that they must come forward and they must mobilise the public opinion in favour of Communal amity.

MR. DEPUTY-SPEAKER : That is a very noble appeal.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Yes, that is a very noble appeal. Another hon. Member also asked about the latest position in Moga. The position is that people residing in the Gurdwaras are coming out. They are also being screened. This is a delicate matter. I would only appeal to the hon. Members that they must extend the same cooperation which they have been extending in solving the Punjab situation. With these few words, I once again thank hon. Members for the cooperation.

SHRI SATYASAN CHAKRABORTY : You should say something about the ultimatum, the SGPC have issued an ultimatum. Now they have started issuing ultimatums to the Government. How do you react to that ? What are you going to do about it ?

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : When the time comes we will see.

MR. DEPUTY-SPEAKER : How is it relevant here ? If you want to seek any clarification connected with this Bill, you can do so. That is not relevant here.

MR. DEPUTY-SPEAKER : That question is :

"That the Bill to confer on the President the power of the Legislature of the State of Punjab to make laws, be taken into consideration."

*The motion was adopted*

MR. DEPUTY-SPEAKER : The House will now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is :

"That Clauses 2 and 3 stand part of the Bill."

*The motion was adopted*
*Clauses 2 and 3 were added to the Bill*

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That Clause 1, the Enacting Formula and the Title stand part of the Bill."

*The motion was adopted*
*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. VENKTASUBBAIAH) : Sir, I beg to move :

"That the Bill be passed."

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted*

---

**18.32 hrs.**

## DETECTION AND LET OFF OF MEMBERS

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have an announcement to make.

I have to inform the House that the following communication dated the 3rd May, 1984, has been received today from the Deputy Commissioner of Police, New Delhi District, New Delhi :

"I have the honour to inform you that Sarvashri Atal Bihari Vajpayee, Charan Singh, Suraj Bhan, Mani Ram Bagri, Swami Indervesh, and R.L.P. Verma, hon. Members of Lok Sabha were detained under Section 65 of the Delhi Police Act at about 1.50 P.M. today for not obeying the lawful direction given by the Police. They were let off at about 3.35 P.M. today, the 3rd May, 1984."

**18.33 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, May, 4 1984/ Vaisakha 14, 1906 (Saka)*

---

Printed at Samrat Press, 7117/18, Pahari Dhiraj, Delhi.